# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

## COMPILED BY MEDIA CELL (20.12.2024)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 20.12.2024, PAGE-08

### आठ गेम्स, 78 इवेंट्स और 234 मेडल के लिए हो रही जोर आजमाइश

# स्पोर्ट्स फेस्टिवल शुरू, 85 स्कूलों के 3,598 खिलाड़ी दिखा रहे दम

**उत्साह**

मुजफ्फरपुर, खेल संवाददाता। आठ गेम्स, 78 इवेंट्स और 234 मेडल के लिए एलएस कॉलेज स्पोर्ट्स ग्राउंड में मेगा स्पोर्ट्स फेस्टिवल सीजन-2 गुरुवार को शुरू हो गया। उद्घाटन कुलपति डॉ. दिनेशचन्द्र राय व एसबीआई के डीजीएम प्रफुल कुमार झा ने किया। दोनों अतिथियों ने भाग ले रहे 85 स्कूलों के 3,598 बच्चों को ज्यादा से ज्यादा मेडल जीतने के लिए प्रेरित किया। यह फेस्टिवल 22 दिसंबर तक चलेगा।





एलएस कॉलेज मैदान में गुरुवार को स्पोर्ट्स फेस्टिवल में कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी।

पहले दिन वॉलीबॉल अंडर-14 ब्वॉयज लीग में डॉल्फिन पब्लिक स्कूल ने जीडी मदर जूनियर विंग को 25-17 व 25-11 से, प्रिंसटन चिल्ड्रेन हाईस्कूल ने मध्य विद्यालय रतमनियां को 25-9 व 25-12 से, जीडी मदर इंटरनेशनल स्कूल ने चन्द्रशील विद्यापीठ स्कूल को 25-14 व 25-18 से, चन्द्रशील विद्यापीठ ने सरस्वती विद्या मंदिर को 25-14 व 25-14 से, प्रिंसटन चिल्ड्रेन स्कूल ने केंद्रीय विद्यालय गनीपुर को 25-14 व 25-16 से, मध्य विद्यालय मोटा ने संत जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पानापुर को 25-22 व 25-19 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। बालिका में अंडर-16 वर्ग में मध्य विद्यालय रतमनिया ने केंद्रीय विद्यालय गनीपुर को 19-25, 25-20 व 20-14 से पराजित किया। खो-खो में केंद्रीय विद्यालय गनीपुर ने मध्य विद्यालय रहुआ को 2-0 से, आदर्श मध्य विद्यालय सकरी सरैया ने प्रीस्टाइन को 17-2 से और डीएवी खबड़ा ने प्रीस्टाइन स्कूल को 8-1 से हराया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## Hindustan, Muzaffarpur, Date : 20.12.2024, Page-08

### रिसर्च टूल्स की दी जानकारी

मुजफ्फरपुर। एमआईटी के यांत्रिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बीआरएबीयू में चल रहे फैकल्टी इंडक्शन कार्यक्रम के तहत रिसर्च टूल्स एंड तकनीक पर व्याख्यान दिया। डॉ. आशीष ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी फैकल्टी को रिसर्च टूल्स एंड टेक्निक की विस्तार से जानकारी दी।

### नवनियुक्त पेंशन पदाधिकारी ने दिया योगदान

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के नवनियुक्त पेंशन पदाधिकारी डॉ. मो. अमानुल्लाह ने गुरुवार को वीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय के समक्ष योगदान दिया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी ने विभाग की कार्यप्रणाली को और प्रभावी व पारदर्शी बनाने की बात कही। प्रो. सतीश कुमार राय, प्रो. अनिल ओझा, प्रो. टीके डे, डॉ. गौतम चंद्रा, डॉ. सत्य प्रकाश राय, डॉ. दिलीप ने उन्हें बधाई दी।

# आरडीएस सेमी व एलएन मिश्रा क्वार्टर फाइनल में

मुजफ्फरपुर, खेल संवाददाता। एमएस कॉलेज, मोतिहारी में चल रहे बीआरएबीयू इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन गुरुवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच आरएस कॉलेज, मुजफ्फरपुर और एलएन मिश्रा कॉलेज के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर आरएस कॉलेज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल 107 रन बनाए। जवाब में एलएन मिश्रा कॉलेज ने दो विकेट पर 108 बनाकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला 21 दिसंबर को गत चैम्पियन एलएस कॉलेज, मुजफ्फरपुर से होगा। दूसरा मैच गत उप चैम्पियन आरडीएस कॉलेज, मुजफ्फरपुर व टीपी वर्मा कॉलेज, नरकटियागंज के बीच खेला गया। कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाए। जवाब में टीपी वर्मा कॉलेज की टीम ने सभी विकेट खोकर 108 रन ही बना सकी। इस तरह आरडीएस कॉलेज ने 16 रन से मैच जीत सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# मेजबान बीआरएबीयू का पहला मुकाबला रांची से

- ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केटबॉल
- टाईशीट जारी, चार ग्रुपों में बांटा गया टीमों को

मुजफ्फरपुर, खेल संवाददाता। एलएन मिश्रा बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज में 26 दिसंबर से शुरू होने वाले ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केटबॉल चैम्पियनशिप की टाईशीट गुरुवार को जारी कर दी गई। आयोजन सचिव डॉ. कांतेश कुमार ने बताया कि सभी टीमों को चार ग्रुपों में बांटा गया है। मेजबान बीआरएबीयू का पहला मैच प्रथम चक्र में 26 दिसंबर को रांची यूनिवर्सिटी से होगा।

ग्रुप-ए में मौजूदा चैम्पियन यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता, आरडी डब्लू यूनिवर्सिटी, अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी, डीडीयू यूनिवर्सिटी गोरखपुर व मणिपुर यूनिवर्सिटी को रखा गया है।

ग्रुप-बी में पं. रविशंकर यूनिवर्सिटी, हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी, पटना यूनिवर्सिटी, एसजीजीवी सरगुजा, एसएनपी रायगढ़ यूनिवर्सिटी व यूनिवर्सिटी ऑफ वर्द्धमान की टीमें हैं।

ग्रुप-सी में एमजे काशी विद्यापीठ, विश्व भारती, सीएसवी टेक्निकल यूनिवर्सिटी, विनोवा भावे यूनिवर्सिटी, यादवपुर यूनिवर्सिटी व उत्कल यूनिवर्सिटी की टीमें हैं।

ग्रुप-डी में मेजबान बीआरएबीयू यूनिवर्सिटी, मौजूदा रनरअप बीएचयू वाराणसी, रविशंकर यूनिवर्सिटी व रांची यूनिवर्सिटी की टीमें हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 20.12.2024, PAGE-02


## नए पेंशन पदाधिकारी ने वीसी के समक्ष दिया योगदान

मुजफ्फरपुर : बिहार विश्वविद्यालय में गुरुवार को नवनियुक्त पेंशन पदाधिकारी डा. मो. अमानुल्लाह ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के समक्ष अपना योगदान दिया। मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार राय, राजनीतिशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल ओझा, पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो. टीके डे, डा. गौतम चंद्रा, डा. सत्य प्रकाश राय, डा. दिलीप, डा. अमर बहादुर शुक्ला, प्रो. सैयद आले जफर, प्रो. महबूब इकबाल ने बधाई दी।


## नए पेंशन पदाधिकारी ने वीसी के समक्ष दिया योगदान

मुजफ्फरपुर : बिहार विश्वविद्यालय में गुरुवार को नवनियुक्त पेंशन पदाधिकारी डा. मो. अमानुल्लाह ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के समक्ष अपना योगदान दिया। मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार राय, राजनीतिशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल ओझा, पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो. टीके डे, डा. गौतम चंद्रा, डा. सत्य प्रकाश राय, डा. दिलीप, डा. अमर बहादुर शुक्ला, प्रो. सैयद आले जफर, प्रो. महबूब इकबाल ने बधाई दी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 20.12.2024, PAGE-02

# अब ला प्रवेश परीक्षा के लिए 25 % क्वालीफाइंग मार्क्स

## परीक्षा बोर्ड का फैसला, पहले 50 प्रतिशत था क्वालीफाइंग अंक

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : ला प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी करने के लिए क्वालीफाइंग अंक में कमी कर दी गई है। अभ्यर्थियों के लिए क्वालीफाइंग मार्क्स को अब 25 प्रतिशत कर दिया गया है। यह फैसला गुरुवार को कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में आयोजित परीक्षा बोर्ड की बैठक में लिया गया है। एलएलबी की प्रवेश परीक्षा 20 अक्टूबर को हुई थी और उसके बाद से करीब 2 महीना से विद्यार्थी रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे। एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में पहले क्वालीफाइंग अंक 50 प्रतिशत निर्धारित था उसके बाद पिछले परीक्षा बोर्ड की बैठक में उसे घटकर 45 प्रतिशत किया गया, बावजूद इसके इक्के दुक्के विद्यार्थी ही क्वालीफाइंग अंक को प्राप्त कर रहे थे, इस कारण परिणाम भी जारी नहीं हो रहा था।

- एलएलबी की प्रवेश परीक्षा 20 अक्टूबर को आयोजित की गई थी
- दो महीने से रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं छात्र, विवि पहुंचकर की थी मांग

### 20 अक्टूबर को हुई थी प्रवेश परीक्षा, परिणाम का इंतजार

मुजफ्फरपुर : विश्वविद्यालय के करीब एक दर्जन से अधिक कालेजों में एलएलबी और प्री ला कोर्स में नामांकन के लिए 20 अक्टूबर को प्रवेश परीक्षा हुई थी। करीब दो महीने बीत जाने के बाद भी अब तक विद्यार्थी परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। दूसरी ओर बताया जा रहा है कि एक से दो दिन में रिजल्ट जारी होगा। कोर्स का सत्र बेपटरी होना तय है। परिणाम जारी होने के बाद विश्वविद्यालय की ओर से नामांकन के लिए अधिसूचना जारी होगी। चिंता बढ़ रही है।



### डिप्लोमा इन रशियन का एग्जामिनेशन फीस तय

मुजफ्फरपुर : नए कोर्स डिप्लोमा इन रशियन का एग्जामिनेशन फीस निर्धारित किया गया है यह 1480 रुपए होगा। डिग्री सेक्शन में अब केवल नियमित कर्मचारी ही कार्य करेंगे। इसके अलावा बोर्ड की बैठक में तय किया गया कि पीजी थर्ड सेमेस्टर में जो छात्र एक और दो नंबर से फेल कर गये हैं उनके लिए रीटोटलिंग कमेटी बनाई जाये। छात्र की कापी को देखा जाएगा कि सभी उत्तर का मूल्यांकन हुआ या नहीं। रीटोटलिंग में कोई नंबर तो नहीं छूट गया है।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 20.12.2024, PAGE-02

# मुजफ्फरपुर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में दिखेगी साढ़े तीन हजार खिलाड़ियों की प्रतिभा








**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 20.12.2024, PAGE-02

## महिला वास्केटवाल स्पर्धा का कार्यक्रम जारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : डा. भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय की मेजबानी में 26 दिसंबर से भगवानपुर स्थित ललित नारायण मिश्रा बिजनेस मैनेजमेंट कालेज में आयोजित पूर्व क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को चार पूलों में बांटा गया है। पूल ए एवं डी में पांच तथा पूल बी एवं सी में छह-छह टीमों को रखा गया है। प्रतियोगिता के पहले दिन प्रथम चरण के आठ मैच खेले जाएंगे।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE : 20.12.2024, PAGE-04

## नवनियुक्त पेंशन पदाधिकारी ने किया योगदान

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में नवनियुक्त पेंशन पदाधिकारी डॉ. मो. अमानुल्लाह ने अपना पदभार ग्रहण किया. उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के समक्ष अपना योगदान दिया. कुलपति ने उन्हें शुभकामनाएं दी.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 20.12.2024, PAGE-04

### परीक्षा बोर्ड की बैठक में फैसला, दो माह रिजल्ट के इंतजार में थे विद्यार्थी

## एलएलबी में दाखिले को कटऑफ घटाकर 25 फीसदी किया गया

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

एलएलबी प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी करने के लिए कटऑफ अंक में कमी की गयी है. अभ्यर्थियों के लिए अब कटऑफ मार्क्स 25 प्रतिशत कर दिया गया है.

गुरुवार को परीक्षा बोर्ड की बैठक में यह फैसला लिया गया. परीक्षा बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने की. परीक्षा बोर्ड में अन्य कई मामलों पर भी सदस्यों ने निर्णय लिया. एलएलबी की प्रवेश परीक्षा 20 अक्तूबर को हुई थी. उसके बाद से करीब 2 महीने से विद्यार्थी रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे हैं.

एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में पहले कटऑफ अंक 50 फीसदी निर्धारित था. उसके बाद पिछले परीक्षा बोर्ड की बैठक में उसे घटा कर 45 फीसदी किया गया. बावजूद इसके इक्के-दुक्के विद्यार्थी ही कटऑफ अंक को प्राप्त कर रहे थे. इस कारण परीक्षा परिणाम भी जारी नहीं किया जा रहा था. एलएलबी में रिजल्ट जारी करने व सीटों को भरने के लिए कटऑफ मार्क्स 25 फीसदी किया गया है. बैठक में सदस्य सचिव के तौर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल मौजूद थे. आंकड़ों के तहत 25 अंक कटऑफ कर देने से करीब 851 छात्र परीक्षा में पास कर रहे हैं. बता दें कि 13 कालेजों में लॉ का दाखिला लिया जाना है.



विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन मे परीक्षा बोर्ड की बैठक करते कुलपति.

**रशियन का एग्जामिनेशन फीस 1480 रुपये तय :** नये कोर्स डिप्लोमा इन रशियन का एग्जामिनेशन फीस निर्धारित किया गया है. यह फीस 1480 रुपये होगी. यह नया कोर्स शुरू किया गया है. वहीं अब स्नातक की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए मुख्य परीक्षकों की नियुक्ति होगी. इसके अलावा बोर्ड की बैठक में तय किया गया कि पीजी थर्ड सेमेस्टर में जो छात्र एक और दो नंबर से फेल कर गये हैं, उनके लिए रीटोटलिंग कमेटी बनायी जाये. यह कमेटी देखेगी कि छात्र की कॉपी में कोई नंबर तो नहीं छूट गया है. पीजी थर्ड सेमेस्टर में बड़ी संख्या में छात्र कम नंबर से फेल कर गये थे. परीक्षा बोर्ड की बैठक में पुराने स्पेशल टैबलेटर को हटाकर नये टैबलेटर बहाल करने का फैसला किया गया. सभी नये टैबलेटर अंगीभूत कालेजों के होंगे. अब डिग्री सेक्शन में सिर्फ नियमित कर्मचारी काम करेंगे. साथ ही मूल्यांकन में अब मुख्य परीक्षक की नियुक्ति की जायेगी.

### ड्यूक हॉस्टल खोलने के लिए वीसी से मिले

**मुजफ्फरपुर.** छात्र जदयू के विश्वविद्यालय अध्यक्ष अंकित किशन ने प्रतिनिधि मंडल के साथ ड्यूक हॉस्टल खोलने और पैट 2021 की मार्कशीट देने की मांग पर वीसी से भेंट की. इस दौरान रंजीत राज गुड्डू, बिट्टू, विसकेतु भारद्वाज, राजन, निशांत, रौशन कुमार मौजूद थे.

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 20.12.2024, PAGE-05

### एसबीआई मुजफ्फरपुर स्पोर्ट्स फेस्टिवल सीजन-2 का शुभारंभ

# फुटबॉल में माउंट वैली, जीडी मदर और सिल्वर साइन स्कूल की जीत

सिटी रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

एसबीआई मुजफ्फरपुर स्पोर्ट्स फेस्टिवल सीजन-2 का शुभारंभ गुरुवार को एलएस कॉलेज के मैदान में हुआ। एसबीआई टाइटिल स्पॉन्सर, बिहार टूरिज्म व अन्य संस्थानों के सौजन्य से स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा एवं योग संस्थान की ओर से आयोजित चार दिवसीय खेल महोत्सव 19 से 22 दिसंबर तक चलेगा। 85 स्कूल, 381 टीम और 3598 खिलाड़ी 8 खेलों के 78 इवेंट्स में भाग ले रहे हैं। समारोह की अध्यक्षता बीआरबीयू के कुलपतिप्रो. डॉ. दिनेश चंद्र रॉय ने की। मौके पर मुख्य अतिथि एसबीआई के डीजीएम प्रफुल्ल कुमार झा, विशिष्ट अतिथि पूर्व ईडी एसएआई डॉ. सुधांशु शेखर रॉय और एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. ओपी राय, एसडीएम एलआईसी संजीव कुमार और एलआईसी के मार्केटिंग मैनेजर श्रीवास्तव सर्वेश कुमार शुक्ला थे। खेल महोत्सव की शुरुआत अंडर-16 ब्वॉयज की 1000 मीटर दौड़ से हुई। खेल महोत्सव को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया।



एलएस कालेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी।

## खो-खो रिजल्ट

मैच 1 : केंद्रीय विद्यालय गन्नीपुर ने मध्य विद्यालय रोहुआ को 2-0 से हराया।
मैच 2: आदर्श मध्य विद्यालय सक्करी सरैया ने प्रिसटीन चिल्ड्रंस हाई स्कूल को 17-2 से हराया।
मैच 3: आदर्श मध्य विद्यालय आरोपपुर और क्राइस्ट ज्योति इंटरनेशनल स्कूल का मैच टाई रहा।
मैच 4: डीएवी खबड़ा ने प्रिसटीन चिल्ड्रंस हाई स्कूल को 8-1 से हराया।
मैच 5: आदर्श मध्य विद्यालय आरोपपुर ने मध्य विद्यालय रहुआ को 8-1 से हराया।
मैच 6: पीएम श्री केवीएस गन्नीपुर ने क्राइस्ट ज्योति इंटरनेशनल स्कूल को 4-2 से हराया।
मैच 7: आदर्श म वि सक्करी सरैया ने डीएवी खबड़ा को 11-0 से हराया।
मैच 8: क्राइस्ट ज्योति इंटरनेशनल स्कूल ने मध्य विद्यालय रोहुआ को 4-3 से हराया।

## फुटबॉल रिजल्ट

मैच 1 : माउंट कैलीप्रेप पब्लिक स्कूल बनाम जीडी मदर इंटरनेशनल स्कूल (जूनियर विंग) में माउंट वैली 2-0 से जीती।
मैच 2: पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाम जीडी मदर इंटरनेशनल स्कूल का रिजल्ट साडदर्न डेथ में जाकर हुआ। जीडी मदर स्कूल 6-5 से विजय हुई।
मैच 3: सिल्वर साइन पब्लिक स्कूल बनाम सेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक प्रेप पब्लिक स्कूल में सिल्वर साइन ने 2-0 से जीत दर्ज की।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR

DATE : 20.12.2024, PAGE-05


# रिसर्च टूल्स एंड टेक्निक विषय पर लेक्चर का हुआ आयोजन



मुज़फ्फरपुर | एमआईटी के यांत्रिकी विभागाध्यक्ष, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशीष श्रीवास्तव की ओर से रिसर्च टूल्स एंड टेक्निक विषय पर भीमराव अंबेडकर बिहार यूनिवर्सिटी में एक्सपर्ट लेक्चर दिया गया। इसका आयोजन एक्सपर्ट लेक्चर, यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र स्थान पर फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के तहत किया गया था। डॉ. आशीष ने फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम में उपस्थित सभी फैकल्टी को रिसर्च टूल्स एंड टेक्निक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बता दें कि डॉ. आशीष श्रीवास्तव को मैटेरियल्स के रिसर्च फील्ड में उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए अमेरिका के प्रतिष्ठित स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर विधि की ओर से जारी ग्लोबल डेटाबेस में दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 20.12.2024, PAGE-05

**जल्द जारी होगी मेरिट लिस्ट • पहले 50 से घटाकर 45 अंक तय हुआ था क्वालिफाइंग मार्क्स**

# सीटें नहीं भरी तो लॉ एंट्रेंस टेस्ट का कटऑफ हुआ 25, इससे क्वालिफाई कर जाएंगे 851 अभ्यर्थी

**कम अभ्यर्थी हो रहे थे सफल : परीक्षा बोर्ड की बैठक में लिया गया फैसला**

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी में लॉ कॉमन एंट्रेंस टेस्ट का कटऑफ फिर से कम कर दिया गया है। पहले 50 से घटाकर कटऑफ 45 किया गया था। इसके बाद भी कम अभ्यर्थी सफल हो रहे थे। तो, गुरुवार को परीक्षा बोर्ड की बैठक में कटऑफ 25 करने का फैसला किया गया। इससे 851 अभ्यर्थी सफल होंगे। अब जल्द ही मेरिट लिस्ट जारी कर एडमिशन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। परीक्षा बोर्ड की बैठक गुरुवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में हुई। सदस्य सचिव परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान सहित सभी संकाय के डीन भी मौजूद थे। बैठक में तय किया गया कि लॉ में दाखिले के लिए कटऑफ अंक घटाकर 25 कर दिया जाए। पहले भी परीक्षा बोर्ड की बैठक में कटऑफ घटाकर 45 किया गया था, लेकिन इसके बाद भी कई छात्र-छात्रा पास नहीं हो रहे थे। 25 अंक कटऑफ कर देने से करीब 851 छात्र परीक्षा में पास कर रहे हैं। लॉ की प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट दो महीने से कटऑफ के कारण ही अटका हुआ है। 13 कॉलेजों में एलएलबी और प्री लॉ का दाखिला लिया जाना है। दोनों कोर्स में करीब 2 हजार सीट निर्धारित हैं।



परीक्षा बोर्ड की बैठक में शामिल कुलपति, परीक्षा नियंत्रक और सभी संकायों के डीन।

## डिप्लोमा इन रशियन कोर्स की 1480 रुपए होगी फीस

परीक्षा बोर्ड की बैठक में डिप्लोमा इन रशियन कोर्स की फीस 1480 रुपए तय की गई है। यह नया कोर्स शुरू किया गया है। अगले सत्र से इस कोर्स में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी। बोर्ड की बैठक में यह भी तय किया गया कि पीजी थर्ड सेमेस्टर में जो छात्र एक और दो नंबर से फेल कर गए हैं, उनके लिए रीटोटलिंग कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी देखेगी कि छात्र की कापी में कोई नंबर तो नहीं छूट गया है। पीजी थर्ड सेमेस्टर में बड़ी संख्या में छात्र कम नंबर से फेल कर गये थे। परीक्षा बोर्ड की बैठक में पुराने स्पेशल टेबलेटर को हटाकर नए टेबलेटर बहाल करने का फैसला किया गया। इसमें सभी नए टैबलेटर अंगीभूत कॉलेजों के होंगे। मूल्यांकन में अब मुख्य परीक्षक की नियुक्ति की जाएगी और डिग्री सेक्शन में सिर्फ नियमित कर्मचारी काम करेंगे।

## बिहार विवि में नवनियुक्त पेंशन पदाधिकारी ने किया योगदान

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बिहार विश्वविद्यालय में गुरुवार को नवनियुक्त पेंशन पदाधिकारी डॉ. मो. अमानुल्लाह ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के समक्ष अपना योगदान दिया। कुलपति ने उन्हें शुभकामनाएं दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पेंशन विभाग में कार्य पद्धति में और सुधार आएगा। नवनियुक्त पेंशन पदाधिकारी डॉ. मो. अमानुल्लाह ने पदभार ग्रहण करते हुए विश्वविद्यालय के पेंशन विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने का की बात कही। मौके पर मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार राय, राजनीतिशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल ओझा, पूर्व परीक्षा नियंत्रक, प्रो. टीके डे, डॉ. गौतम चंद्रा, डॉ. सत्य प्रकाश राय, डॉ. दिलीप, डॉ. अमर बहादुर शुक्ला, प्रो. सैयद आले जाफर, प्रो. महबूब इकबाल व प्रो. अब्दुल बरकत आदि ने बधाई दी।